राजस्थान पत्रिका

वही करें जो मन कहे

शिक्षा मंत्री कागेरी की विद्यार्थियों को सीख

जैन कॉलेज में पीयू टॉपरों का सम्मान

बेंगलूरु

bangaluru@patrika.com

ऐसे ही विषय की पढ़ाई कीजिए जो आपको प्रिय हो। उसी दिशा में मेहनत कीजिए जहां पहुंचने का सपना आप देखते है। किसी के दबाव में मत आईए। वही कीजिए जो आपका मन कहे।

प्रदेश के प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा मंत्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने बुधवार को भगवान महावीर जैन कॉलेज में राज्यभर में दूसरी पीयूसी की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि उन्हें सुननी तो सबकी चाहिए, लेकिन करना सिर्फ वही चाहिए जो उनका मन कहे।

इससे पूर्व कागेरी ने मेधावी विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में वाणिज्य में राज्यभर में अव्वल रहने वाली रवीना बी जैन के साथ चौथे स्थान पर रहने वाली एस मोनिशा व शीर्ष दस में जगह बनाने वाले अन्य विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

सीईटी की परीक्षा में आर्किटेक्चर में प्रदेशभर में चौथे स्थान पर रहने वाली वैभवी वी तथा नौवां स्थान हासिल करने वाली गुम्माडी रजिता को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा इंजीनियरिंग में नौवां स्थान प्राप्त करने वाले सुकृत एस का भी सम्मान किया गया।

जैन संस्थान समूह के अध्यक्ष डॉ आर चेनराज जैन ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यार्थियों को बिना समय गंवाए खूब परिश्रम करके पढ़ाई करनी चाहिए, ताकि वे खुद के लिए स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर सके।

सम्मान भगवान महावीर जैन कॉलेज में राज्यभर में दूसरी पीयूसी की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री।